# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–25 अगस्त 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी कर्मचारियों के लिए युनिफाइड पेंशन स्कीम यूपीएस को दी स्वीकृति, तेईस लाख कर्मचारी पाएंगे लाभ।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम् में लोगों से साझा करेंगे अपने विचार।
- उत्तर प्रदेश आरक्षी सीधी भर्ती परीक्षा दो हजार तेईस में गड़बड़ी का प्रयास कर रहे सत्रह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, जेल भेजे गये बीस आरोपी।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज मथुरा जिले में भगवान श्रीकृष्ण के पांच हजार दो सौ इक्यावनवें जन्मोत्सव समारोह का करेंगे शुभारंभ।

**********

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी कर्मचारियों के लिए युनिफाइड पेंशन स्कीम यूपीएस को स्वीकृति दी है जिसमें निश्चित पेंशन का प्रावधान किया गया है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कल नई दिल्ली में बताया कि इस योजना के अंतर्गत 25 वर्ष तक की सेवा पूरी करने के बाद अंतिम 12 महीनों के मूल वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन दिया जाएगा। इसके अलावा योजना में कर्मचारी के निधन के बाद परिवार पेंशन 60 प्रतिशत कर दी गई है। श्री वैष्णव ने कहा कि इस योजना से लगभग 23 लाख सरकारी कर्मचारियों को लाभ होगा।

श्री वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार नीति के लिए बायो ई–थ्री, जैव प्रौद्योगिकी नीति को भी स्वीकृति दी गई है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपीएस लागू करने के केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा है कि केंद्र सरकार के लाखों कर्मचारियों को लाभांवित करता यह युगांतकारी निर्णय उनके जीवन में आर्थिक सुरक्षा और सुखद भविष्य की सुनिश्चितता का नया सूर्योदय लेकर आया है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ग्यारह बजे आकाशवाणी से श्मन की बातश कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम की यह एक सौ तेरहवीं कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए. आई. आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चौनलों पर भी प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी प्रादेशिक भाषाओं में भी इसका प्रसारण करेगा।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल में भारतीय बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से हुई मौतों पर दुख जताते हुए प्रभावित परिवारों को कल अनुग्रह राशि देने की घोषणा की । उन्होंने कहा कि नेपाल में भारतीय दूतावास प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी । वहीं घायलों को इलाज के लिए पचास हजार रुपये दिए जाएंगे। नेपाल में हुई सड़क दुर्घटना में मारे गए लोगों के शवों और घायलों को भारत लाने के कार्य की निगरानी के लिए युवा कार्य और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे कल नेपाल की राजधानी काठमांडू पहुंच गयीं। काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के अनुसार, नेपाल में तेईस अगस्त को नदी में बस गिरने से 27 लोगों की मौत हो गई थी और 16 लोग घायल हुए थे। पोखरा से पर्यटकों को लेकर काठमांडू लौट रही इस बस में तैंतालिस भारतीय सवार थे।

इस बीच, नेपाल बस दुर्घटना के दौरान दो अन्य बसों में यात्रा कर रहे अड़तालीस यात्री सुरक्षित तरीके से गोरखपुर पहुंचे और वहां से महाराष्ट्र के लिए रवाना हो गये। गोरखपुर के एडीएम विनीत कुमार सिंह ने बताया कि इन यात्रियों को विशेष ट्रेन से रवाना किया गया और यह लोग आज रात नौ बजे महाराष्ट्र के भुसावल पहुंच जाएंगे।

**********

अयोध्या के श्रीरामलला मंदिर में प्रथम तल पर बन रहे संगमरमर के राम दरबार के साथ टाइटेनियम धातु का राम दरबार भी रखा जाएगा। रक्षा मंत्रालय से जुड़ी संस्था मिधानी ने इस मजबूत धातु का दरबार श्रीराम मंदिर निर्माण समिति ट्रस्ट को सौंपा है। यह जानकारी निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि टाइटेनियम धातु पनडुब्बी बनाने के काम आता है । इसकी विशेषता यह है कि यह पानी, नदी, समुद्र और पहाड़ जैसी जगहों पर लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि रक्षा मंत्रालय की यह संस्था ट्रस्ट को ब्रॉन्ज सप्लाई कर रही है। इससे परकोटा में ब्रॉन्ज के नब्बे म्यूरल बनाए जायेंगे।

***एक संस्था है रक्षा मंत्रालय की मिधानी जिसने की ब्रांज हम लोगों को सप्लाई किया जिसका की म्यूरल परकोटा में लो लगभग 90 म्यूरल बनेंगे, 6 फिट और 4 फिट के साइक के तो उन्होंने हम लोगों को एक राम दरबार टाइटेनिम से बना करके एक तरह से संस्था की निष्ठा को जताते हुए दिया जो की ट्रस्ट ने स्वीकार कर लिया और ट्रस्ट के सदस्यों का संकेत यह था कि प्रथम तल पर जहांराम दरबार संगमरमर से बनेगा उसी के साथ इसको भी पूरे सम्मान के साथ रखा जायेगा।***

श्री मिश्र ने कहा कि राम मंदिर परिसर में बन रहे सप्त मंदिर में अक्टूबर तक मूर्तियां पहुंचने की संभावना है। इस मंदिर का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है।

**********

उत्तर प्रदेश आरक्षी सीधी भर्ती परीक्षा दो हजार तेईस कल दूसरे दिन कड़ी सुरक्षा के बीच सड़सठ जिलों के एक हजार एक सौ चौवन परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। दो पालियों में हुई परीक्षा में कुल छह लाख सत्तावन हजार चार सौ तैंतालिस अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। यह परीक्षा आज भी होगी। इसके अलावा तीस व इकतीस अगस्त को इस परीक्षा का आयोजन होगा। परीक्षा को नकलविहीन और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए एसटीएफ और यूपी पुलिस की कई टीमें लगाई गई हैं। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार स्वयं परीक्षा पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय और लखनऊ के नेशनल पीजी कॉलेज में बने परीक्षा केंद्रों का कल निरीक्षण भी किया।

कल हुई परीक्षा में बहत्तर संदिग्ध लोग चिन्हित किये गये जिन्हें परीक्षा तो देने दिया गया लेकिन उन पर बोर्ड की नजर बनी रहेगी। पुलिस ने परीक्षा की शुचिता प्रभावित करने का प्रयास कर रहे सत्रह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया और बीस लोगों को जेल भेजा है। वहीं, मुजफ्फरनगर में परीक्षा ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने पर एसएसपी ने चार पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया।

**********

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज मथुरा जिले में भगवान श्रीकृष्ण के पांच हजार दो सौ इक्यावनवें जन्मोत्सव समारोह का शुभारंभ करेंगे। वह ब्रज क्षेत्र के लोगों के लिए पांच सौ तिरासी करोड़ रुपये की लागत की एक सौ सैंतीस परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। इसमें बरसाना रोप वे, यमुना नदी में क्रूज, पाच्चजन्य प्रेक्षागृह, वृंदावन में लक्ष्मण शहीद स्मारक प्रेक्षागृह, मल्टीलेवल पार्किंग, गोवर्धन तहसील भवन, बरसाना कोसी गोवर्धन मार्ग का चौड़ीकरण और मथुरा वृंदावन मार्ग चौड़ीकरण जैसी योजनाएं प्रमुख रूप से शामिल हैं। मुख्यमंत्री मथुरा में ही रात्रि विश्राम करेंगे और अगले दिन श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन भी करेंगे।

***भगवान श्रीकृष्ण के 5 हजार 251वें जन्म महोत्सव को बहुत भव्यता और दिव्यता के साथ मनाया जायेगा। श्रद्धालु इस भाव से दर्शन के लिये पधार रहे है। दर्शन के उपरांत उनके भाव की पुष्टि हो इस प्रकार की व्यवस्था पदर्शित करने का प्रयास श्रीकृष्ण जन्म स्थान सेवा संस्थान द्वारा किया जा रहा है। ऐसे विशिष्ट जन्मोत्सव में भगवान पद्म क्रांति पुष्प बंगले में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देंगे और सोन चन्द्र का पोशाक भगवान धारण करेंगे इस वर्ष 25 अगस्त का 5 हजार 251 गैया के घी के दीपक अर्पित किये जायेंगे और वह दीपक भगवान के महोत्सव में और वृद्धि करेंगा।***

मुख्यमंत्री मथुरा की सांसद व अभिनेत्री हेमा मालिनी द्वारा पांचजन्य प्रेक्षागृह में आज शाम प्रस्तुत किये जाने वाले नृत्य को भी देखेंगे।

**********

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली सांसद राहुल गांधी कल प्रयागराज में संविधान सम्मान सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री गांधी ने कहा कि भारत में आबादी के हिसाब से नीतियां बनाने की आवश्यकता है। ऐसा नहीं होने के कारण जरूरतमंदों को नीतियों का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने जातिगत जनगणना की भी वकालत की।

**********

बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शिवनाथ पाल ने कहा है कि प्रदेश की दस विधानसभा सीटों पर प्रस्तावित उपचुनाव में पार्टी के प्रत्याशी सभी सीटों से चुनाव लड़ेंगे। कल बस्ती पहुंचे बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार पर महिला और एससी एसटी विरोधी होने का आरोप लगाया।

**********